# जनपद फैजाबाद की भ्रमण आख्या

## दिनांक– 23/09/2016 से 24/09/2016

**टीम के सदस्य–**

- डा0 हरिओम दीक्षित– महाप्रबंधक (आर0आई0)
- इन्द्रजीत सिंह– कंसलटेंट (आर0के0एस0के0)
- विनीत श्रीवास्तव– प्रोग्राम कोआर्डिनेटर (आयुष)

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– मवई ( दिनांक– 23/09/2016)




1 डा0 संतोष सिंह (एम0ओ0) दिनांक 19.09.2016 से तथा एच.ई.ओ. श्री गिरिजेश कुमार सैनी दिनांक 08.09.2016 से अनुपस्थित चल रहे हैं तथा इनके द्वारा अवकाश के संबंध में कोई लिखित सूचना एवं प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है।

2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वीपर एवं चौकीदार की कोई व्यवस्था न होने के कारण साफ–सफाई का अभाव पाया गया।

3. डेन्टल हाईजिनिस्ट तैनात है परन्तु डेन्टल चेयर न होने के कारण इनकी योग्यता का सुनिश्चित उपयोग नहीं हो पा रहा है।





4. सामुदायिक स्वांस्थ्य केन्द्र की दीवारो पर जगह–जगह सीलन पायी गयी तथा लगभग सभी दरवाजे खराब है जिनको अधीक्षक द्वारा बदलवाया जा रहा है।


5. लेबर रुम से मेडिसिन एवं औजार की ट्रे नियमानुसार नहीं पायें गये।

6. लेबर रुम में न्यूबार्न केयर कार्नर क्रियाशील नहीं पाया गया तथा फोटोथेरेपी मशीन भी खराब है।

7. लेबर रुम में प्रोटोकॉल पोस्टर नहीं थे तथा घड़ी भी बंद थी।








8. सर्जन न होने के कारण ओ0टी0 क्रियाशील नहीं है मात्र नसबंदी हेतु ही ओ0टी0 का प्रयोग किया जाता है।

9. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात एम0ओ0 तथा स्टाफनर्स को एस0बी0ए0, पी0पी0आई0यू0सी0डी0, एन0एस0एस0के0 पर प्रशिक्षित नहीं है।

10. कोल्ड चेन कक्ष में 1 आई0एल0आर खराब था।

11. 18 उपकेन्द्र में से 5 उपकेन्द्र पर ए0एन0एम0 की तैनाती नहीं है।

12. आई0पी0वी0 वैक्सीन अनुउपलब्ध पायी गयी।

13. एच0वी0 को ई–विन देखने हेतु स्मार्टफोन दिया गया है परन्तु एच0वी0 को स्मार्टफोन प्रयोग करना नही अता है तथा ई–विन देखने हेतु उसे स्टाफ नर्स की मदद लेनी पड़ती है।

14. माह जुलाई, 2016 से अवकाश रजिस्टर अपडेट नहीं किया जा रहा है। आर0बी0एस0के0 टीम की डा0 पारुल सिंह की उपस्थित पंजिका में (सी0एल0) अवकाश दर्शाया गया परन्तु इनके द्वारा अवकाश हेतु दिया गया कोई भी आवेदन पत्र नहीं पाया गया।

15. आयरन नीली औंर लाल गोलियॉ जुलाई, 2015 से उपलब्ध नहीं है।

16. आर0बी0एस0के0 टीम में 02 चिकित्सक एवं 01 पैरामेडिकल स्टाफं है इस प्रकार एक टीम में मात्र 3 सदस्य ही है। दूसरी टीम गठित नहीं है।

17. स्टाफ नर्स द्वारा सभी मरीजों का बी0पी0 नहीं लिया जाता है, जिस मरीज की हालत गंभीर होती है उन्ही का बी0पी0 लिया जाता हैं





18. बोयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट की काई सुचारु व्यवस्था नहीं है, खुले गडटे में प्लेसेन्टा इत्यादि का निस्तारण किया जा रहा है।

19. आर0बी0एस0के0 टीम समय पर स्कूलों में नहीं पहुँच रही है दिनांक–23.09.2016 को प्राथमिक विद्यालय पूरेनरहर पर 11:55 पर पहुँची।

20. आर0बी0एस0के0 टीम का माईक्रोप्लान सामुदायिक स्वास्थ्य पर उपलब्ध नहीं था।

21. विफ्स की ट्रेनिंग ब्लाक स्तर पर नहीं करायी गयी है तथा इसकी रिपोर्ट भी ब्लाक स्तर पर नहीं बनायी जा रही है।

22. आर0बी0एस0के0 टीम जिस वाहन का टेण्डर किया गया है उसके स्थान पर दूसरा वाहन चल रहा है।

## समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रुधौली (एल–03) (दिनांक–23/09/2016)




1. आर0बी0एस0के0 को 02 टीम में मात्र 05 सदस्य है तथा टीमों का माइक्रोप्लान भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध नहीं था जिससे यह जानकारी नहीं हो पायी कि आज किस विद्यालय में भ्रमण पर गयी है।

2. आर0बी0एस0के0 में दो टीमों हेतु मात्र एक ही वाहन उपलब्ध जिससे दोनों टीमें कार्य कर रही है।

3. आर0बी0एस0के0 के अन्तर्गत पीयर Educator का Selection नहीं हुआ है।

4. किशोर स्वास्थ्य के बारे में सामुदायिक स्वास्थ्य पर किसी को कोई जानकारी नहीं थी न ही जिले से कोई दिशा–निर्देश भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नहीं भेजे गये।

5. WIFS की ब्लॉक लेबल प्रशिक्षण नहीं कराया गया न ही रिपोर्ट की जा रही है।

6. आर0बी0एस0के0 टीम हेतु लैपटाप उपलब्ध नहीं कराये गये है।

7. लेबर रुम रजिस्टर में एम0सी0टी0एस0 नम्बर नहीं भरा गया है।

8. रविवार को जन्म लिये नवजात का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है।

9. Adolescent Health सम्बन्धित कोई भी गतिविधि नहीं हो रही है।

10. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एफ0आर0यू0 है परन्तु ब्लड स्टोर यूनिट नहीं है।





11. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वार्ड में साफ–सफाई की अत्यन्त कमी पायी गया है।

12. डी0पी0टी0 व आई0पी0वी0 वैक्सिन उपलब्ध नहीं पायी गयी।

13. जिंक, आई0एफ0ए0 सीरप, आई0एफ0ए0 टैब उपलब्ध नहीं पाया गया।

14. ई0डी0एल0, पैथालोजी में की जा रही जाँचे चिकित्सालय में उपलब्ध सेवाएं, इत्यादि का डिस्पले नहीं पाया गया।

15. एम0सी0टी0एस0 डाटा फीडिंग सुचारु रुप से नहीं की जा रही है।

16. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफ0आर0यू0) है परन्तु किसी भी सर्जन की तैनाती नहीं है। सर्जन आन कॉल बुलाये जाते है।

17. डायट रजिस्टर पूर्ण रुप से नहीं भरा गया था न ही वार्ड प्रभारी के हस्ताक्षर पाये गये।

## समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मसोधा (दिनांक–24/09/2016)

1. साफ सफाई ठीक थी।
2. प्रसव कक्ष में दिशा निर्देश के अनुसार 7 ट्रे नहीं थी। न्यूबार्न केयर कॉनर्र बना हुआ थ परन्तु बेग एण्ड मास्क का रखरखाव ठीक नहीं था।
3. प्रसवोत्तर वार्ड में महिलाओं को टिफिन में खाना समय से मिल रहा था।

4. स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला चिकित्सक तैनात थी परन्तु उनके द्वारा ए0एन0सी0 रजिस्टर पर महिलाओं का अंकन नहीं किया जा रहा था। रजिस्टर मंगवाकर उनसे ए0एन0सी0 भरवाने का अभ्यास कराया गया।
5. प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नहीं आते हैं जिसके कारण कर्मचारियों को मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा हैं तथा महत्वपूर्ण कार्य लम्बित रहते हैं।
6. WIFS की ब्लॉक लेबल प्रशिक्षण नहीं कराया गया न ही रिपोर्ट की जा रही है।
7. आर.बी.एस.के टीम की डाक्टर रिचा की तैनाती तारून ब्लॉक में परन्तु इनके द्वारा कार्य मसौदा सी0एच0सी0 पर किया जा रहा हैं भ्रमण के समय उपस्थिति पंजिका में इनके हस्ताक्षर थे परन्तु इनके आने के विषय में कोई सूचना नहीं थी।

## उपकेद्र, मसौधा (एल–1) दिनांक– 24.09.2016




1. उपकेन्द्र पर पावर बैकअप की कोई व्यवस्था नहीं है। एक इनर्वटर बैट्री लगा है परन्तु बैट्री 01 साल से खराब है। प्रसव इमरजेन्सी लाइट में कराये जाते है।

2. उपकेन्द्र पर पानी की मोटर तथा टंकी लगी हुयी है परन्तु मोटर खराब होने के कारण टंकी निष्प्रयोज्य है तथा परिसर में लग हैण्डपम्प से ही पानी की व्यवस्था की जाती है।

3. उपकेन्द्र पर नेडा द्वारा सोलर लाईट तथा पानी गर्म करने हेतु उपकरण लगा है जोकि खराब है।

4. उपकेन्द्र पर ए0एन0एम0 द्वारा रजिस्टर में स्टाक इन्ट्री नहीं की जा रही है तथा अन्य रिकार्डो का रख–रखाव एवं Updation उचित तरीक से नहीं किया जा रहा है।






5. उपकेन्द्र पर साफ–सफाई का अत्यन्त अभाव है तथा लेबर रुम की खिड़की पर पर्दे की पीछे जाला एवं मकड़ी पाये गये।

6. उपकेद्र की दिवारों पर सीलन पायी गयी जिसके मरम्मत की आवश्यकता है।

7. उपकेन्द्र पर कलर कोड़ बिन्स नहीं उपलब्ध थी न ही प्लेसेन्टा तथा नीडिल इत्यादि के निस्तारण की कोई व्यवस्था है।


8. उपकेन्द्र पर 02 बेड का वार्ड है इसी में ही लेकर टेबल पायी गयी जिस पर प्रसव कराया जाता है अर्थात वार्ड में ही प्रसव कराया जा रहा है जबकि उपलब्ध दूसरे कक्ष में प्रसव पूर्व प्रसूता को रखा जा रहा है। इस कक्ष में अत्यंत गंदगी, रोशनी का अभाव एवं सीलन पायी गयी है।




9. उपकेन्द्र पर लेवर रुम के पास ही टायलेट बना है परन्तु अत्यन्त गंदा पाया गया।

10. प्रसव कक्ष जोकि वार्ड भी है में ही पानी की मोटर तथा नल लगा पाया गया।

11. उपकेन्द्र पर अधिकतर मेडिसिन का अभाव पाया गया जिस पर ए0एन0एम0 द्वारा बनाया गया कि इन्डेन्ट दिया गय परन्तु मेडिसिन उपलब्ध नहीं करायी जाती है।

12. लेबर रुम में एन0बी0सी0सी0 नहीं बनाया गया है।

13. ए0एन0एम0 द्वारा मैकेंटास तथा कैलिस पैड की आवश्यकता के सम्बन्ध में अवगत कराया गया हैं

14. उपकेन्द्र पर उपलब्ध मेडिसिन तथा औजारों का सही प्रकार से रख–रखाव नहीं किया गया है।

15़ अस्पाताल कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि टी0एस0यू की स्टाफ नर्स एवं ब्लॉक स्पेशिलिस्ट का आपेक्षित सहयोग नही मिलता है।

## पू0मा0 वि0 मुमताजनगर , ब्लॉक–मसौधा दिनांक– 24.09.2016

1. अध्यापक का WIFS पर प्रशिक्षण नहीं कराया गया और न ही अध्यापक के द्वारा विफ्स की रिपोर्ट भेजी जा रही जा रही है।
2. विद्यालय में 30 नीली आयरन की गोलियॉ उपलब्ध थी। **जोकि 6/2015 में एक्सपायर हो चुकी थी**।तथा विद्यालय में 240 छोटी आयरन 45 एम.जी की गोलियॉ उपलब्ध कराई गई थी जो कि पू0मा0वि0 के लिए नही है।
3. स्वास्थ्य विभाग द्वारा विद्यालय में विफ्स रिर्पोटिंग प्रपत्र, विफ्स अनुपालन प्रपत्र उपलब्ध नही कराये गये है।

## ऑगनबाड़ी केन्द्र मुमताजनगर प्रथम एवं मिनी, ब्लॉक–मसौधा दिनांक–24.09.2016

1. ऑगनबाड़ी कार्यकत्री का WIFS पर प्रशिक्षण नहीं कराया गया और न ही उसके द्वारा विफ्स की रिपोर्ट भेजी जा रही जा रही है।
2. ऑगनबाड़ी केन्द्र पर नीली आयरन की गोलियॉ उपलब्ध नही कराई गई है और न ही कार्यकर्त्री को ज्ञात है कि उसके द्वारा स्कूल न जाने वाली किशोरियों का आयरन की गोलियॉ खिलाई जानी है।
3. स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऑगनबाड़ी केन्द्र में विफ्स रिर्पोटिंग प्रपत्र, विफ्स अनुपालन प्रपत्र उपलब्ध नही कराये गये है।

## अन्य बिन्दु

1. वी.एच.एन.डी. का भ्रमण नहीं किया जा सका क्योंकि पल्स पोलियो अभियान की तैयारी करने के लिये कर्मियों को स्वाथ्य केन्द्र पर प्रशिक्षण एवं आवश्यक लाजिस्टिक प्राप्त कराने के लिये बुलाया गया था।

2.मुख्य चिकित्सा अधिकारी से उपरोक्त के विषय में फीडबैक दिया गया तथा सुधार करने का अनुरोध किया गया।

3. फैजाबाद मण्डलीय अपर निदेशक को भी वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

4.मण्डलीय एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को निर्देश दिये गये ि कवे 15 अक्टूबर 2016 तक भ्रमण किये गये स्वास्थ्य इकाईयों पर पुनः जा कर दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति के विषय में आख्या दें।

5. फैजाबाद में रीजनल वाक–इन फ्रीजर स्थापित का भी निरीक्षण किया । स्थान की कमी के कारण वाक–इन कूलर एवं वाक–इन कूलर दर्शन नगर में यूनीसेफ के सहयोग से स्थापित किये गये हैं।